P&Q

NBT नवभारत टाइम्स

P&Q

Tue, 11 Nov 2025; daily - Navbharat Times - Noida;
Size: 78 sq. cm.; Circulation: 5900; Page: 15
Copyright © 2025 Nav Bharat Times, All rights reserved.

# DND पर काम शुरू, दिसंबर तक पूरा करने का दावा

**NBT रिपोर्ट, नोएडा :** नोएडा टोल ब्रिज कंपनी लिमिटेड (NTBCL) ने डीएनडी के दूसरे चरण में मरम्मत के काम की शुरूआत सोमवार से कर दी। दिल्ली से नोएडा की ओर आने वाली लेन पर ये काम शुरू किया गया है। इसको लेकर ट्रैफिक पुलिस ने ट्रैफिक दोपहर 12 से चार बजे तक ट्रैफिक बंद रखने की बात कही थी, लेकिन वाहनों की आवाजाही पर अधिक असर नहीं पड़ा। नोएडा आने वाली सड़क की एक लेन को वाहनों के लिए बंद कर उस पर काम किया जा रहा है। इस पर काम होने के बाद दूसरे हिस्से को बंद कर इस पर ट्रैफिक खोल दिया जाएगा। ऐसे में वाहन चालकों को अभी जाम की स्थिति का सामना करना नहीं पड़ा है।



टोल ब्रिज कंपनी ने कहा है कि करीब 8 किलोमीटर लंबाई में माइक्रोसरफेसिंग, बिटुमिन कंक्रीट और सेमी डेंस बिटुमिन कंक्रीटिंग का काम किया जा रहा है। कंपनी ने दावा किया है कि सड़क की गुणवत्ता का इसमें खास ख्याल रखा जा रहा है।